# जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (शहर)

कार्यालय : प्लाट नं. 29, परिवहन नगर
जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)
दूरभाष/फैक्स : 07759-246889

पत्र क्र. 004

दिनांक - 02/07/2026

प्रति,
माननीय श्री विष्णु देव साय जी,
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन,
मंत्रालय (महानदी भवन),
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

विषय – कोरबा जिले में लगातार बढ़ रही जघन्य आपराधिक घटनाओं एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा कर दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने तथा प्रभावी कार्रवाई किए जाने बाबत।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि कोरबा जिले में विगत ढाई वर्षों के दौरान हत्या, लूट, डकैती, जानलेवा हमले, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, संगठित आपराधिक गतिविधियों एवं कानून व्यवस्था के निरंतर बिगड़ते हालात के कारण आम नागरिकों में भय एवं असुरक्षा का वातावरण व्याप्त है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे दिनदहाड़े और सार्वजनिक स्थानों पर भी गंभीर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने से नहीं हिचक रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि जिले में कानून का भय समाप्त होता जा रहा है तथा पुलिस प्रशासन अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में विफल साबित हो रहा है।

कोरबा जिले में हाल के समय में घटित अनेक जघन्य घटनाएं पूरे प्रदेश के लिए चिंता का विषय बन चुकी हैं। सार्वजनिक उपक्रमों की सरायपाली कोयला खदान में गुटीय संघर्ष के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं खदानों में घुसकर सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर डीजल एवं कबाड़ की लूट जैसी घटनाएं सामने आई। अत्यंत गंभीर तथ्य यह भी है कि कुछ मामलों में पुलिस कर्मियों की कथित संलिप्तता सामने आने पर उनके विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज करनी पड़ी, जिससे कानून व्यवस्था पर आम जनता का विश्वास कमजोर हुआ है।

अपराध केवल औद्योगिक एवं खदान क्षेत्रों तक सीमित नहीं हैं। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपराधी लगातार बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। रशियन हॉस्टल के समीप लोहे का विशाल पुल रातोंरात काटकर चोरी कर लिया गया। कटघोरा के घुचापुर में भाजपा नेता श्री अक्षय गर्ग की हत्या, रजगामार में महिला की निर्मम हत्या कर उसका सिर गांव में घुमाने जैसी अमानवीय घटना, सीतामणी मोतीसागर पारा में युवक की पीट–पीटकर हत्या, पवन टॉकीज रेलवे क्रॉसिंग के समीप सिर कुचलकर हत्या, कोतवाली

# जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (शहर)

कार्यालय : प्लाट नं. 29, परिवहन नगर
जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)
दूरभाष/फैक्स : 07759-246889

थाना परिसर में एक नशेड़ी द्वारा लंबे समय तक उत्पात मचाना, सिल्वर सेंटर के संचालक के घर में घुसकर हत्या, स्क्रैप व्यापारी अशरफ सहित लगातार तीन हत्याएं तथा चौतमा में सऊदी अरब से युवक को बुलाकर उसकी हत्या कर शव के 17 टुकड़े करने जैसी घटनाओं ने पूरे जिले को दहला दिया है।

महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा भी गंभीर चिंता का विषय बन गई है। बालको क्षेत्र में एक किशोरी को ब्लैकमेल कर 10 लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म तथा हाल ही में पंप हाउस क्षेत्र में घर लौट रही एक युवती पर चाकू से हमला जैसी घटनाएं यह सिद्ध करती हैं कि जिले में महिलाएं भी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं।

अपराधियों का दुस्साहस इस हद तक बढ़ गया है कि रास्ते से वाहन नहीं हटाने के विवाद में एक पुलिस अधिकारी के पुत्र को बोलेरो वाहन से कुचल दिया गया। हाल ही में कोसाबाड़ी में भाजपा नेता पर आदतन अपराधी द्वारा जानलेवा हमला तथा शहर के एक ज्वेलरी प्रतिष्ठान में तीन हथियारबंद बदमाशों द्वारा कट्टा लेकर लूट का प्रयास पूरे प्रदेश ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से देखा। यदि दुकान संचालक साहस का परिचय देते हुए बदमाश का हथियार नहीं छीनता तो कोई बड़ी जनहानि हो सकती थी।

इसके अतिरिक्त नवपदस्थ कोतवाली थाना प्रभारी का कुछ ही घंटों के भीतर राजनीतिक दबाव में स्थानांतरण होना भी पुलिस प्रशासन की निष्पक्षता एवं स्वतंत्र कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

महोदय, उपर्युक्त घटनाएं केवल कुछ प्रमुख उदाहरण हैं। वास्तविकता यह है कि पिछले ढाई वर्षों में कोरबा जिले में सैकड़ों गंभीर आपराधिक घटनाएं घटित हुई हैं, किन्तु अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित नहीं किया जा सका है। इससे आम जनता में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास लगातार कमजोर हो रहा है तथा भय का वातावरण निर्मित हो गया है।

अतः जिला कांग्रेस कमेटी, कोरबा की ओर से आपसे विनम्र आग्रह है कि जनहित एवं प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से निम्नलिखित कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करने की कृपा करें।

कोरबा जिले की कानून व्यवस्था की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए। जिले में लगातार बढ़ते अपराधों के लिए उत्तरदायी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित कर आवश्यक प्रशासनिक एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

# जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (शहर)

कार्यालय : प्लाट नं. 29, परिवहन नगर
जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)
दूरभाष/फैक्स : 07759-246889

हत्या, लूट, संगठित अपराध, महिलाओं के विरुद्ध अपराध एवं अन्य जघन्य मामलों में शामिल अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक क्षेत्रों, सार्वजनिक उपक्रमों, कोयला खदानों एवं शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए।

महिलाओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी पुलिस गश्त, निगरानी एवं अपराध नियंत्रण की विशेष कार्ययोजना लागू की जाए। कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की राजनीतिक हस्तक्षेप की आशंकाओं को समाप्त करते हुए पुलिस प्रशासन को निष्पक्ष एवं प्रभावी ढंग से कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आप इस अत्यंत गंभीर विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए आवश्यक एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, जिससे कोरबा जिले की जनता में सुरक्षा एवं कानून के प्रति विश्वास पुनः स्थापित हो सके।

मुकेश कुमार राठौर